केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Central Sanskrit University
(संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित)
(Established by An Act of Parliament)
जयपुर परिसर, जयपुर (राज.)
(Jaipur Campus, Jaipur (Raj.)-302018

क्रमांक – के.सं.वि.ज./छात्र अनुभाग/स्थापना/2025-26/ 1836 दिनांक – 07/10/2025

# अधिसूचना

सभी छात्रों को सूचित किया जाता कि 15 अक्टूबर 2025 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के 55 वें स्थापना दिवस पर जयपुर में कौन बनेगा करोडपति की तर्ज पर **“कः भवति बृहस्पति”? संस्कृत-प्रश्नमञ्जरी प्रतियोगिता** का आयोजन किया जायेगा। जिसमें प्राक्शास्त्री कक्षा से लेकर विद्यावारिधि कक्षा तक के छात्र प्रतिभाग कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य अध्ययनशील छात्रों की ज्ञानशक्ति, स्मरणशक्ति तथा भाषिक-कौशल का परीक्षण करना है। प्रतियोगिता की रूपरेखा निम्नप्रकार से रहेगी-

**(क) प्रारम्भिक चरण-**

1. प्रतिभागी सभी छात्र 20 से 25 संस्कृतविषयक प्रश्नों का लिखितरूप में उत्तर देंगे।
2. लिखित परीक्षा में जो भी शीर्ष 10 छात्र उत्तीर्ण होंगे उनको मुख्य मञ्च पर जाने का अवसर मिलेगा।

**(ख) मुख्य मञ्च पर प्रतियोगिता-“कः भवति बृहस्पति”?**

1. प्रत्येक प्रतिभागी से क्रमशः 15 प्रश्न पूछे जायेंगे ।
2. प्रत्येक प्रश्न विकल्पात्मक होगा तथा दिये गये विकल्पों में से एक उत्तर मान्य होगा।

**(ग) जीवनरेखायें** ( life lines)

1. प्रतिभागियों की सहायता के लिए 4 जीवन रेखाएं प्रदान की जाएंगी। (प्रत्येक का केवल एक बार उपयोग कर सकते हैं) जीवन रेखाएं निम्न प्रकार से हैं- एक विकल्प का चयन करें (50:50) (ख) मित्र से पूछो (ask a friend) (ग) दर्शकों का मत (audience poll) (घ) प्रश्न के स्थान पर दूसरा प्रश्न।

**प्रश्नविषयाः**- सभी प्रश्न केवल संस्कृत से सम्बद्ध होंगे। प्रश्नों के उत्तरों के लिए निम्नलिखित विषयों का अध्ययन किया जा सकता है- 1. संस्कृतसाहित्य का इतिहास (2) वैदिक वाङ्मय (3) व्याकरण (पाणिनीय/लघुसिद्धान्तकौमुदी) 4. दर्शनशास्त्र (न्याय, वेदान्त, साङ्ख्य इत्यादि) 5. संस्कृतनाटकानि 6. महाकाव्यज्ञानम् 7.संस्कृतनवलेखनम् (आधुनिकसंस्कृतसाहित्य) 8. भाषाशास्त्रम् 9. छन्दशास्त्रम् 10. सुभाषितानि 11. श्लोकपरिचय।

**मूल्याङ्कन और पुरस्कार-**

सबसे ज्यादा अङ्क प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को **"बृहस्पतिः"** नामक उपाधि से सम्मानित किया जायेगा। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र से सम्मानित किया जायेगा।

इस प्रश्नोत्तर-प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु पूर्व सज्जता की महती आवश्यकता है, इसलिए सभी प्रतिभागी अपनी प्रतिभा को प्रकटित करें। प्रश्नोत्तर-प्रतियोगिता में परिसर की सभी विद्याशाखाओं के विद्यार्थी भाग ग्रहण कर सकते हैं। प्रतियोगिता के निमित्त लेखन प्रतियोगिता का आयोजन परिसर में ही 14 अक्टूबर को किया जायेगा। इस प्रतियोगिता के विजेताओं का विश्वविद्यालय स्थापना दिवस के अवसर पर अतिथियों द्वारा सम्मान किया जायेगा।

जो भी विद्यार्थी प्रतियोगिता में भाग ग्रहण करना चाहते हैं, वे अनिवार्य रूप से 13 अक्टूबर तक अपना नाम **श्री ब्रह्मानन्द प्रधान** (9014877724) तथा **श्री नरेश सिंह** (9638041328) को लिखवा दें, जिससे आप लिखित परीक्षा में भाग ग्रहण कर सकें।

YSRamesh 07.10.25
(प्रो. वाई.एस.रमेश)
निदेशक

प्रतिलिपि सूचनार्थः –

1. सह निदेशक कार्यालय।
2. समन्वयक, IQAC।
3. सम्बन्धित प्राध्यापक को सूचनार्थ।
4. समस्त छात्रों को सूचनार्थ।
5. छात्र अनुभाग।
6. लेखा अनुभाग।
7. रक्षित पत्रावली।